Title : Need to start the work of four laning of Hazipur-Muzaffarpur and Muzaffarpur Sitamarhi Sonvarsa Highway in Bihar.

**श्री सीता राम यादव (सीतामढ़ी) :** सभापति महोदय, बिहार प्रान्त के हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-सोन्वर्सा एन.एच. 77 चार लेन स्वीकृत हो चुका है और भारतीय राट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को दिया जा चुका है। हाजीपुर-मुजफ्फरपुर के प्रथम फेज़ की निविदा 6 महाने पहले हो चुकी है। मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-सोन्वर्सा तक द्वितीय फेज़ की डी.पी.आर. तैयार है। विदित है कि बाढ़ के कारण सीतामढ़ी पूरे देश से साल के चार महीने कटा रहता है। उपरोक्त पथ के बन जाने से इस क्षेत्र की आम जनता को बहुत बड़ी राहत मिल जाएगी।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-सोन्वर्सा पथ का कार्य अविलम्ब शुरू कराया जाये। धन्यवाद।